दिनांक 27 अक्टूबर 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पंजीयन शिविर के माध्यम से 834 कर्मकारो को फॉर्म किया गया वितरण, 163 कर्मकारो ने कराया ऑनलाइन पंजीयन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक लग रहे पंजीयन शिविर में आज 834 कर्मकारो को फार्म वितरण किया गया और 163 ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है! निगम के जोन क्रमांक 2 अंतर्गत अंबेडकर नगर में 175, आईएचएसडीपी आंगनवाड़ी केंद्र में 60, वृंदा नगर में 15, घासीदास नगर में 52 एवं कुरूद में 31 संगठित एवं असंगठित कर्मकारो को फार्म वितरण किया गया! जोन क्रमांक 3 अंतर्गत वार्ड 21 बैकुंठ धाम सुंदर नगर में 23 कर्मकारो ने ऑनलाइन पंजीयन कराया तथा 150 फार्म वितरण किया गया! वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में 200 फार्म वितरण एवं 80 ऑनलाइन पंजीयन हुआ! जोन क्रमांक 1 अंतर्गत छूटे हुए कर्मकारो को फार्म वितरण किया गया! जिसमें से स्मृति नगर में एक , कोसा नगर में 55, राधिका नगर में 7, लक्ष्मी नगर में 12, सुपेला बाजार में 33, कांट्रैक्टर कॉलोनी में 03, फरीदनगर में 03, रानी अवंती बाई चौक कोहका में 34, पुरानी बस्ती कोहका में 3 इस प्रकार कुल 151 फार्म वितरण किया गया! मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराया जाना कर्मकारो को आवश्यक है!

पहले जाना पड़ता था दुर्ग के श्रम आयुक्त कार्यालय अब वार्ड क्षेत्र में ही सुविधा मजदूर/ श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के लिए पहले दुर्ग के श्रम आयुक्त कार्यालय जाना पड़ता था परंतु अब भिलाई के वार्ड क्षेत्र में ही इसकी सुविधा मिल रही है! जिससे कर्मकारो में उत्साह का माहौल है और निर्धारित समय में जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड , बैंक खाता, स्वयं का फोटो के साथ शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन करा रहे हैं! कर्मकारो को अपने काम को छोड़कर दुर्ग श्रम आयुक्त कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है!